लोक सभा अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 7 मार्च, 2018 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी। अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा :

''मैं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्वसंध्या पर देश-विदेश की सभी माताओं, बहनों और बेटियों अपनी तरफ से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। आज के दौर में महिलाएं स्वयं सशक्त होकर कैसे राष्ट्र को सशक्त कर रही हैं, यह उदाहरण हर जगह देखने को मिलता है। हमें नेतृत्व की शिक्षा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से, मातृत्व की शिक्षा शिवाजी की माता जीजा माता से और कर्तृत्व की शिक्षा देवी अहिल्याबाई से मिलती है। स्वतंत्रता के संघर्ष से लेकर नये भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी, सहभागिता हमेशा से रही है। आज भी आप समाज में हर जगह महिला नेतृत्व को आगे आते देख रहे हैं। इसके लिए समाज में सबका सहयोग आवश्यक है। महिलाओं को मंच मिला है और वे अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्र के निर्माण में अपनी अनन्य योगदान दे रही हैं।

इस अवसर पर आइये हम इस बात का स्मरण करें कि हमारे संविधान में महिला संवेदी न्याय की अवधारणा के प्रति अटल प्रतिबद्धता दर्शाई गई है। बल्कि ऐसे अनेक उपबंध हैं जिनके अंतर्गत न केवल महिलाओं के लिए सकारात्मक समानता का प्रावधान किया गया है बल्कि राष्ट्र और अन्य भागीदारों को ये शक्तियां दी गई हैं कि वे इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनके हित में कार्य करें। इसलिए विधानमंडलों में प्रतिनिधित्व की बात हो या शिक्षा, रोजगार अथवा वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता की - हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के और अधिक प्रयास करें।''